TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# चेतना

गुरुवार
बिहार
10-सितंबर-2026
Thursday
वर्ष : 5
प्रादेशिक संस्करण

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित



संपादकीय
चेतना सत्र
सविधान
दैनिक कार्ययोजना
समय सरणी
पीएम पोषण योजना

भारत के नागर विमानन मंत्री

**किंजरापु राममोहन नायडू**

बिहार के भवन निर्माण मंत्री

**लेशी सिंह**

SEPTEMBER 2026

| र. | सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

4 श्री कृष्ण जन्माष्टमी
14 हरि तालिका वर्त (तीज वर्त)
25 अनन्त चतुर्दशी







## चेतना

### "टीचर्स ऑफ बिहार"

द्वारा प्रकाशित "चेतना" दैनिक पत्रिका बिहार के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के शैक्षिक बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इसमें सम्मिलित सामग्री शिक्षकों को विद्यालय के दैनिक कार्य में मदद करती है। आइए, हम सब मिलकर इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनकर

## हमारे महान विभूति



### क्रिकेट खिलाड़ी; नवानगर के महाराजा

### जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| नाम | : महाराजा रणजीतसिंहजी विभाजी जडेजा (रणजी) |
| जन्म | : 10 सितंबर 1872 |
| जन्म स्थान | : सरोदर, काठियावाड़, गुजरात, भारत |
| पिता | : जडेजा जीवनसिंहजी |
| माता | : मेहेरबाई |
| पति/पत्नी | : आनंदकुंवरबा |
| शिक्षा | : राजकुमार कॉलेज, राजकोट में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की |
| अवार्ड | : क्रिकेट में उनके योगदान के सम्मान में रणजी ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया। |
| नागरिकता | : भारतीय |
| मृत्यु | : 2 अप्रैल 1933 |







### -: आज की प्रेरणा :-

*निश्चय अदृश्य को देखता है, अविश्वसनीय पर विश्वास करता है और असंभव चीज़ को पाकर दिखाता है।*

**आज से हम :**

स्वयं पर और परमात्मा पर अटूट विश्वास रखें।

*Faith sees the invisible, believes the unbelievable, and receives the impossible!*

**Today Onwards Let's :**

have unbreakable faith in the self and in God.

**नोट : रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।**


SBI The banker to every Indian | Yono SBI Power to every Indian

**ग्राहकों के लिए सूचना**

कृपया ध्यान दें कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) ने 11 सितंबर 2026 को एक दिन की हड़ताल का प्रस्ताव दिया है।

हालांकि हम आवश्यक सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं, ग्राहकों से निवेदन है कि:

- ✓ महत्वपूर्ण बैंकिंग लेनदेन हड़ताल की तिथि से पहले अग्रिम रूप से पूरा कर लें
- ✓ अपनी नकदी जरूरतों के लिए ATM/ADWM का उपयोग करें
- ✓ ग्राहक सेवा केन्द्रों (CSPs) का उपयोग करें
- ✓ इंटरनेट बैंकिंग, YONO, मोबाइल बैंकिंग, UPI और अन्य डिजिटल चैनलों को प्राथमिकता दें

आपको हुई किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है, और आपके सहयोग के लिए हम आपके आभारी हैं।

- भारतीय स्टेट बैंक







# चेतना सत्र

चेतना

10-सितंबर-2026 Thursday गुरुवार | वर्ष 05

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है तू रहीम हैं, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशु मसीह, हर नाम में तू समा रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है।
तेरी जात पाक कुरान में, तेरा दर्श वेद पुराण में,
गुरु ग्रन्थ जी के बखान में, तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान,
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान
विधि वेद का है ये सब रचन, तेरा भक्त तुझको बुला रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।

### अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शातिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरुगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शाति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अज्ञान है। -चाणक्य**

## 3. शब्द ज्ञान

| | English | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Regret | रिग्रेट | पछतावा |
| 2. | Reject | रिजेक्ट | अस्वीकार |
| 3. | Relieve | रिलीभ | राहत देना |

| हिन्दी | |
|---|---|
| निगरानी | देख-भाल |
| दूषित | गंदा |
| अनुसंधन | खोज |

| संस्कृत | |
|---|---|
| गर्हितम् | निन्दित |
| कनिष्ठा | छोटी |
| अपगत: | दूर हो गया |

| | اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|---|
| 1. | نیازی | Neyaji | मित्र |
| 2. | نیاگان | Neyagaan | अभिभावक |
| 3. | نیائش | Neyaees | प्रार्थना |

## 4. दिवस ज्ञान

**विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. भारत का राष्ट्रीय आदर्श वाक्य क्या है? : सत्यमेव जयते
2. जल का रासायनिक सूत्र क्या है? : $H_2O$
3. फुटबॉल में एक टीम में मैदान पर कितने खिलाड़ी होते हैं? : 11

## 6. तर्क ज्ञान

1. हफ्ते में कितने दिन होते हैं ? : 7
2. एक महीने में कितने सप्ताह होते हैं? : 4
3. साल में कितने महीने होते हैं? : 12

## 7. विलोम शब्द

1. आजाद : गुलाम
2. अचर : चर
3. अचल : चल

## 8. प्रेरक प्रसंग

### सच्चाई की जीत

एक गाँव था जिसका नाम मायापुर था। और गाँव की सुंदरता का तो कुछ कहना ही नहीं था। क्योंकि उस गांव के किनारे ही एक विशाल जंगल था और उस जंगल में कई तरह के जंगली जानवर पशु-पक्षी रहा करते थे। एक दिन की बात है की एक लकड़हारा लकड़ियों को लेकर जंगल के रास्ते से अपने गांव की ओर जा रहा होता है। तभी उसे अचानक एक रास्ते पर शेर मिल जाता है और उस लकड़हारे से कहता है। देखो भाई आज मुझे कोई भी शिकार सुबह से नहीं मिला है और मुझे बहुत तेज भूख लगी है। में तुम्हे खाना चाहता हूँ और तुम्हे खा कर में अपनी भूख मिटाऊंगा।

तभी लकड़हारा घबराकर कहता है ठीक है अगर मुझे खाने से तुम्हारी भूख मिट सकती है और तुम्हारी जान बच सकती है तो मुझे ये मंज़ूर है। लेकिन उससे पहले में तुमसे कुछ कहना चाहता हूँ शेर कहता है कहो तुम तो भैया अकेले हो और तुम्हारे कर किसी की ज़िम्मेदारी भी नहीं है परन्तु मेरे घर पर बच्चे बीवी भूख से व्याकुल हो रहे है। इस कारण मुझे यह लड़कियाँ बेचकर घर पर भोजन लेकर जाना होगा, परन्तु में तुमसे ये वादा करता हूँ की में अपने बीवी और बच्चों को भोजन देकर तुरंत तुम्हारे पास आ जाऊंगा।

तभी शेर बड़ी तेज हँसते है और कहता है कि तुमने क्या मुझे पागल समझ रखा है। तुम्हे मेरा शिकार बनना ही पड़ेगा। तभी लकड़हारा रोता है और कहता है कृप्या मुझे जाने दो में अपना वादा नहीं तोड़ूंगा। शेर को उसपर दया आ जाती है और कहता है की तुम्हे सूर्य डूबने से पहले ही आना होगा। लकड़हारा कहता है ठीक है। जब लकड़हारा अपनी बीवी और बच्चों को भोजन देकर शेर के पास वापस आया तो शेर प्रसन्न होता है और कहता है। तुम्हें मार कर में कोई पाप नहीं करना चाहता। तुम ईश्वर के सच्चे भक्त हो। तभी लकडहारा शेर का धन्यवाद करता है और ख़ुशी ख़ुशी अपने घर लोट जाता है।

शिक्षा:-

हमें हमेशा सच बोलना चाइये क्योंकि सच्चाई से ही व्यक्ति को सफलता प्राप्त होती हैं ।

## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मागे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

*- रविन्द्रनाथ टैगोर*

## राष्ट्रीय गीत

*वंदे मातरम्*
*सुजालां सुफलां मलयजशीतलाम्*
*शस्यशामलां मातरम्।*
*शुभ्रज्योत्सनापुलकितयामिनिं*
*फुल्लकुसुमितद्रुमदलशोभिनीं*
*सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीं*
*सुखदां वरदान मातरम्।। 1.. वंदे मातरम्।*
*कोटि-कोटि-कण्ठ-कल-कल-निनाद-कराले*
*कोटि-कोटि-भुजैरधृत-क्रकरवाले,*
*अबला केन मा एते बल।*
*बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं*
*रिपुदलवारिणीं मातरम्।। 2.. वंदे मातरम्।*
*तुम विद्या, तुमि धर्मि, तुम ह्रदि, तुमि मर्म*
*त्वं हि प्राणा: शरीरे, बहुते तुमि मां शक्ति,*
*ह्रदये तुमि मां भक्ति, तोमरै प्रतिमा घड़ी*
*मंदिरे-मंदिर मातरम्।। 3 .. वंदे मातरम्।*
*त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी, कमला कमलदलविहारिणी*
*वाणीदायिनी, नमामि त्वम्, नमामि कमलां अमलां अतुलां*
*सुजालां सुफलां मातरम्।। 4.. वंदे मातरम्।*
*श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषितां*
*धरणिं भरणिं मातरम्।। 5.. वन्दे मातरम् ।।*

*- बंकिमचन्द्र चटर्जी*

## मौलिक अधिकार

1. समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
2. स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)
4. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)
5. संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)

## संविधान में उपबंधित मौलिक कर्तव्य

1. संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।
2. स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।
3. भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।
4. देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।
5. भारत के लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।
6. हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।
7. वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।
8. मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।
9. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।
11. 6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें संविधान द्वारा जोड़ा गया)

## भारत के संविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

# दैनिक कार्ययोजना (DAILY PLANNER)

चेतना

| 10-Sep-2026 | Thursday गुरुवार |
|---|---|

**आज के टॉप 3 कार्य**

- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 

**RATE YOUR DAY**

| | |
|---|---|
| कुल नामांकित छात्रों कि संख्य : | |
| आज उपस्तिथ छात्रों कि संख्य : | |
| MDM खाने वालों छात्रों कि संख्या : | |

**TIME TRACKER**

| | |
|---|---|
| 09:30 AM | |
| 10:00 AM | |
| 10:40 AM | |
| 11:20 AM | |
| 12:00 PM | |
| 01:20 PM | |
| 02:00 PM | |
| 02:40 PM | |
| 03:20 PM | |
| 04:00 PM | |

**TO DO'S**

- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 

**CALLS / EMAIL**

**MONEY TRACKER**

| +/- | AMOUNT | EXPENSE / SAVED |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

**MENU OF THE DAY**

- [ ] BREAKFAST
- [ ] LUNCH
- [ ] SNACKS
- [ ] DINNER

**WATER**

**EXERCISE** ______ hours

**HIGHLIGHT OF THE DAY**

# समय सारणी

10-सितंबर-2026 Thursday गुरुवार वर्ष 05

सत्र : 2026-2027

| समय | घंटी | गुरुवार | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कक्षा | I | II | III | IV | V | VI | VII | VIII |
| 09:30 से 10:00 | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | | | | | | | | |
| 10:00 से 10:40 | प्रथम | गणित<br>(पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | | | | अंग्रेजी | सामाजिक विज्ञान | विज्ञान |
| | | 20 उल्टी गिनती (20 तक) | 9 जोड़ (पृष्ठ 89 तक) | | | | | | |
| 10:40 से 11:20 | दूसरी | गणित<br>(कार्यपुस्तिका) | | | | | गणित | अंग्रेजी | गणित |
| | | 20 उल्टी गिनती (20 तक) | 9 जोड़ (पृष्ठ 89 तक) | | | | | | |
| 11:20 से 12:00 | तीसरी | हिंदी<br>(पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | | | | सांस्कृतिक कार्यक्रम | सामाजिक विज्ञान | अंग्रेजी |
| | | 9 मन करता है | 10 अगर पेड़ भी चलते होते | | | | | | |
| 12:00 से 12:40 | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | | | | | | | | |
| 12:40 से 01:20 | चौथी | "हिंदी<br>(कार्यपुस्तिका) | | | | | सामाजिक विज्ञान | विज्ञान | गणित |
| | | 9 मन करता है | 9 जोड़ (पृष्ठ 89 तक) | | | | | | |
| 01:20 से 02:00 | पंचमी | अंग्रेजी<br>पाठ्यपुस्तक | | | | | हिंदी / उर्दू / अन्य | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य |
| | | 13 Zoo | | | | | | | |
| 02:00 से 02:40 | छठी | अंग्रेजी<br>कार्यपुस्तिका | | | | | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | हिंदी / उर्दू / अन्य | गणित<br>(अभ्यास) |
| | | 13 Zoo | | | | | | | |
| 02:40 से 03:20 | सप्तमी | शब्द एवं संख्या ज्ञान | | पर्यावरण और हम<br>पाठ्यपुस्तक | | | अंग्रेजी (पठन एवं लेखन) | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | हिंदी / उर्दू / अन्य |
| | | | | | | | | | |
| 03:20 से 04:00 | आठमी | खेलकूद | | खेलकूद | | | खेल गतिविधि | | |
| | | | | | | | | | |

नोट:-1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है।
2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है।
3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

# पीएम पोषण योजना

चेतना

10-सितंबर-2026 Thursday गुरुवार वर्ष 05

**पीएम पोषण योजना का मेनू : -**

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| 10-Sep-2026 | गुरुवार | चावल मिश्रित दाल तड़का (हरी सब्जी युक्त) |

**पीएम पोषण योजना :-**

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय सविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

- *बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।*
- *बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।*
- *बच्चों के बीच सामाजिक समता।*
- *बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।*
- *बच्चों के छीजन में कमी।*
- *नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।*
- *बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।*

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-12-2024 से प्रभावित)**

| कक्षा 01 से 05 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 20 Gram | 120.00 | 2.40 |
| सब्जी | 50 Gram | 28.00 | 1.40 |
| तेल | 5 Gram | 160.00 | 0.80 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.68 |
| जलावन | 100 Gram | 15.00 | 1.50 |
| | | कुल = | 6.78 |

| कक्षा 06 से 08 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 30 Gram | 120.00 | 3.60 |
| सब्जी | 75 Gram | 28.00 | 2.10 |
| तेल | 7.5 Gram | 160.00 | 1.20 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 1.02 |
| जलावन | 150 Gram | 15.00 | 2.25 |
| | | कुल = | 10.17 |

## (बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्)

द्वारा

## संचालित "समझे - सीखें", गुणवत्ता शिक्षा कार्यक्रम के बीस सूचक -

1. विद्यालय समय से खुलना एवं बंद होना ।
2. समय से चेतना सत्र का आयोजन ।
3. हर एक बच्चा एवं शिक्षक विद्यालय के समय विद्यालय में उपस्थित ।
4. हर एक बच्चा एवं हर एक शिक्षक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में तल्लीन ।
5. शिक्षकों को बच्चे के शैक्षिक स्तर की जानकारी एवं उसका संधारण ।
6. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन ।
7. कक्षा एक के लिए विशिष्ट रूप से निर्धारित पूर्णकालिक शिक्षक ।
8. विद्यालय के सभी कक्षाओं में श्यामपट्ट का पूर्ण उपयोग ।
9. सभी कक्षाओं में दैनिक शिक्षण-तालिका की उपलब्धता तथा उपयोग ।
10. अंतिम घंटी में खेलकूद, कला तथा सांस्कृतिक गतिविधियां ।
11. विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए कहानी की किताबें, खेल सामग्री आदि का उपयोग ।
12. मेनू के अनुसार मध्याहन भोजन का दैनिक वितरण ।
13. सक्रिय बाल-संसद तथा मीना मंच ।
14. साफ-सुथरे बच्चे तथा साफ-सुथरा विद्यालय ।
15. उपलब्ध पेयजल व्यवस्था एवं शौचालयों का उपयोग ।
16. विद्यालय परिसर में बागवानी ।
17. विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए अनुदानों का उपयोग ।
18. सभी बच्चों के पास अपनी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध ।
19. विद्यालय प्रबंध समिति की नियमित बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा ।
20. विद्यालय में साप्ताहिक कक्षावार शिक्षक अभिभावक की नियमित बैठक ।



# चेतना

टीचर्स ऑफ़ बिहार

द चेंज मेकर


समस्तीपुर

पिन - 848207 (बिहार)

Mobile : 9473119007

7250818080

email : chetanastr@gmail.com

Website : www.teachersofbihar.org


**Follow Us**

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar